प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार बच्चों, किशोरियों, गर्भवती और धात्री माताओं को संतुलित व पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने के लिए स्टेट न्यूट्रिशन पॉलिसी बनाएगी। उन्होंने आज शिमला में स्वास्थ्य सुरक्षा व विनियमन विभाग की समीक्षा बैठक में बताया कि खाद्य पदार्थों की गुणवता व समयबद्ध जांच के लिए पहले चरण में मंडी, कांगड़ा, बद्दी और शिमला में क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी, जबकि दूसरे चरण में सभी ज़िलों में ऐसी प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सोलन ज़िले के कंडाघाट स्थित कम्पोजिट टैस्टिंग प्रयोगशाला विश्व स्तरीय तकनीक से लैस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की कमी व कीटनाशकों के कारण लोगों में बीमारियां बढ़ती जा रही है और राज्य सरकार इसके समाधान के लिए प्रयास कर रही है।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि चिट्टे के खिलाफ राज्य सरकार निर्णायक लड़ाई लड़ रही है और 21 व 22 जनवरी को प्रदेशभर की पंचायतों में विशेष बैठकें होंगी जिनमें चिट्टे की रोकथाम को लेकर चर्चा की जाएगी। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों की 2 सौ 64 पंचायतें चिट्टे की अधिक चपेट में है और इनमें विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए खेलों का आयोजन भी किया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज सोलन ज़िले के अर्की में अग्निकांड घटनास्थल का दौरा कर राहत व बचाव कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एहतियाती उपाय अपनाने जरूरी है और आपात स्थिति की तैयारी को लेकर सभी विभागों को उचित दिशा–निर्देश जारी किए जाएंगे। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि अर्की शहर के लिए 11 करोड़ रुपये की अमृत–2 योजना मंजूर की गई है और इसके तहत शहर में हाईड्रेंट का प्रावधान भी किया जाएगा।

सेना मुख्यालय

शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय में आज 10वें सेवानिवृत्त सैनिक दिवस पर एक कार्यक्रम का आययोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिजनों ने भाग लिया। आरट्रैक के चीफ ऑफ स्टाफ लैफ्टिनेंट जनरल सुकृति सिंह दहिया ने समारोह की अध्यक्षता की और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त सैनिक दिवस मनाने का उद्देश्य पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों के कल्याण को लेकर चर्चा और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। दहिया ने बताया कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के लिए शिमला में कल से कॉमन सर्विस सेंटर की शुरूआत की जा रही है।

हैलीटैक्सी

केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत शिमला से रिकांगपिओ के लिए अब हैलीटैक्सी सेवा 20 जनवरी से शुरू की जाएगी। किन्नौर के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने आज रिकांगपिओ में बताया कि आज किसी कारण से हैलीटैक्सी सेवा शुरू नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि इस सेवा से आपात समय और आपदा के दौरान लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने बताया कि हैलीटैक्सी में एक बार में 6 लोग यात्रा कर सकेंगे और शिमला से रिकांगपिओ तक का प्रति व्यक्ति किराया लगभग 4 हजार रुपये होगा।